## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 07.09.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, हिन्दुस्तान, तरुणमित्र न्यूज़, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।


### अमर उजाला–दि0 07.09.2025



**चौराहों पर कला की चमक** अमर उजाला

वीडीए, बीएलडब्ल्यू, रेल मंत्रालय एवं संस्कृति मंत्रालय की ओर से शहर में सुंदरीकरण की पहल की जा रही है। परियोजना में 62 स्कल्पचर प्रमुख स्थलों पर लगाए जा रहे हैं। नदेसर में पारंपरिक नृत्य शैलियों को दर्शाती 9 प्रतिमाएं लगाई गई हैं, जो कि लोगों के आकर्षण की केंद्र हैं।

### हिन्दुस्तान–दि0 07.09.2025



नदेसर क्षेत्र में लगी विभिन्न प्रदेशों की नृत्य शैली की मुद्रा वाली प्रतिमाएं। • हिन्दुस्तान

**चौक-चौराहों पर विरासत से जुड़ रही पहचान**

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए), बनारस लोकोमोटिव वर्क्स (बीएलडब्ल्यू), रेल मंत्रालय एवं संस्कृति मंत्रालय के प्रयास से शहर में सुंदरीकरण की दिशा में एक अभिनव पहल की जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत 62 अद्वितीय स्कल्पचर शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर स्थापित किए जा रहे हैं। नदेसर क्षेत्र में भारत के विभिन्न प्रांतों की पारंपरिक नृत्य शैलियों को दर्शाती 9 प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जो आमजन एवं आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बनी है। यह कला भारत की सांस्कृतिक विविधता एवं विरासत को जीवंत स्वरूप में प्रस्तुत कर रही है।

## हिन्दुस्तान–दि0 07.09.2025

### बेहतर नेतृत्व से बढ़ती है टीम की क्षमता

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में शनिवार को कार्यक्रम हुआ। इसमें आईएएस (आंध्र प्रदेश कैडर) प्रवीन प्रकाश ने प्रजेंटेशन ऑन लीडरशिप में प्रभावी नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बेहतर नेतृत्व से टीम की कार्यक्षमता, कार्यसंस्कृति एवं संगठनात्मक विकास में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इसके पूर्व वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने धन्यवाद दिया।

## न्यायाधीश–दि0 07.09.2025

### वाविप्रा सभागार में प्रजेंटेशन ऑन लीडरशिप विषय पर एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित



वाराणसी।वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में 'Presentation on Leadership to Field Officers' विषय पर एक महत्वपूर्ण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष महोदय श्री पुलकित गर्ग द्वारा किया गया, जिन्होंने 1994 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी (आंध्र प्रदेश कैडर) श्री प्रवीन प्रकाश का बुके, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।श्री प्रवीन प्रकाश द्वारा प्रस्तुत प्रजेंटेशन ऑन लीडरशिप में प्रभावी नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने अधिकारियों एवं कार्मिकों को यह संदेश दिया कि बेहतर नेतृत्व से टीम की कार्यक्षमता, कार्यसंस्कृति एवं संगठनात्मक विकास में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।इस अवसर पर वाराणसी विकास प्राधिकरण के समस्त क्षेत्रीय अधिकारी, नियमित एवं आउटसोर्सिंग कार्मिक उपस्थित रहे और सक्रिय रूप से सहभागिता की।कार्यक्रम का समापन सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

## न्यायाधीश–दि0 07.09.2025

# शहर के चौक-चौराहों पर उभर रही है कला की चमक, विरासत से जुड़ रही है पहचान



वाराणसी ।वाराणसी विकास मंत्रालय एवं संस्कृति मंत्रालय के प्राधिकरण (वीडीए), बनारस संयुक्त प्रयास से शहर में लोकोमोटिव वर्क्स (बीएलडब्लू), रेल सौंदर्यीकरण की दिशा में एक अभिनव पहल की जा रही है। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 62 अद्वितीय स्कल्पचर शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर स्थापित किए जा रहे है।इसी क्रम में नदेसर क्षेत्र में भारत के विभिन्न्प्रांतों की पारंपरिक नृत्य शैलियों को दर्शाती 09 प्रतिमाएं स्थापित की गई है,ङ जो आमजन एवं आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह कला-स्थापनियाँ न केवल शहर के सौंदर्य में वृद्धि कर रही है बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता एवं विरासत को भी जीवंत स्वरूप में प्रस्तुत कर रही है।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 07.09.2025

# वीडीए में प्रजेंटेशन ऑन लीडरशिप में प्रभावी नेतृत्व पर सत्र हुआ आयोजित



वीडीए में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि प्रवीन प्रकाश, वीडीए वीसी पुलकित गर्ग, सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा व अन्य

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में Presentation on Leadership to Field Officers" विषय पर एक महत्वपूर्ण सत्र का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने किया। जिन्होंने 1994 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी (आंध्र प्रदेश कैडर) प्रवीन प्रकाश का बुके, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। प्रवीन प्रकाश द्वारा प्रस्तुत प्रजेंटेशन ऑन लीडरशिप में प्रभावी नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने अधिकारियों एवं कार्मिकों को यह संदेश दिया कि बेहतर नेतृत्व से टीम की कार्यक्षमता, कार्यसंस्कृति एवं संगठनात्मक विकास में उल्लेखनीय वृद्धि होती है इस अवसर पर वाराणसी विकास प्राधिकरण के समस्त क्षेत्रीय अधिकारी, नियमित एवं आउटसोर्सिंग कार्मिक उपस्थित रहे और सक्रिय रूप से सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन वीडीए सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।